प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 21.03.2025

- ❖**जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस को मिली सफलता।**
- ❖**साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर को पोर्ट करने का झांसा देकर कुल 4,49,998/- रुपये की धोखाधड़ी की गयी थी।**
- ❖**शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 1,80,900/- रुपये की धनराशि को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शिकायतकर्ता श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री मेवालाल निवासी वार्ड न0. 10, रामनगर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के साथ साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर को पोर्ट करने का झांसा देकर दिनाँक 19.06.2024 को कुल 4,49,998/- रुपये की वित्तीय धोखा-धड़ी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा साइबर हेल्पलाइन नं0 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई गयी, जिस पर थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के बैंक खाते में 1,80,900/- रुपये की धनराशि को वापस कराया गया। थाना साइबर क्राइम पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

वापस करायी गयी कुल धनराशि-

1. कुल 1,80,900/- रुपये

धनराशि वापस कराने वाली थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अब्दुल कलाम
2. का0 कृष्ण कुमार
3. का0 शाहरुख अहमद
4. का0 बलजीत सिंह